दिनांक 22.09.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# पीएम स्वनिधि योजना पुनः प्रारंभ, लगेगा लोक कल्याण मेला

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना संचालित हो रहा है। इस योजना को शासन द्वारा पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। इस संबंध में मिशन मैनेजर नलिनी तनेजा ने बताया कि ऋण स्लैब में कुछ बदलाव किया गया है, जिसके लिए निगम सभागार में दिनांक 23 सितम्बर 2025 को समय 12:00 बजे लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया है। मेला के माध्यम से सभी पथ विक्रेताओं को जानकारी दिया जाएगा, कि पथ विक्रेताओं को मिलने वाला लोन बढ़कर अब प्रथम लोन 15 हजार रूपये, द्वितीय लोन 25 हजार रूपये एवं तृतीय लोन 50 हजार रूपये कर दिया गया है। पथ विक्रेता द्वारा नियमित भुगतान करने पर 7 प्रतिशत ब्याज पर सब्सिडी बैंकों द्वारा प्रदान की जाएगी। ऋण का पूर्ण भुगतान करने पर पथ विक्रेताओं को बैंक की ओर से 30 हजार रूपये लिमिट का क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान किया जा रहा है। पीएम स्वनिधि के हितग्राही च्वाइस सेंटर के माध्यम से प्रथम लोन के लिए आवेदन भरवा सकते है एवं द्वितीय और तृतीय लोन के लिए निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक 57 राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन विभाग से संपर्क कर सकते है। मिशन के नोडल अधिकारी ने समस्त पथ विक्रेताओं से अपील किए है कि सभी पथ विक्रेता इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठावें।

